## महत्वपूर्ण एवं खास



## बिजली खंभे से टकराया बईक चालक, डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मोटरसाइकिल का चालक बिजली खंभे से टकराया सिर पैर में लगी गंभीर चोट राइनो की मदद से पहुंचाया गया अस्पताल - आज दिनांक 04.12.2019 के दोपहर 15:51 बजे कोतवाली- 1 को छोटे रगड़ा के पास रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर रवाना किया गया, जहां मोटरसाइकिल का चालक जो बिजली खंभे से टकराकर सिर एवं पैर में गंभीर चोट लगने से बेसुध था नाम पता नहीं बता पा रहा था। आहत को कोतवाली राइनो-1 स्टॉफ फेडरिक कुजूर द्वारा उपचारी के लिए केजीएच अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है।



## मोटरसाइकिल से गिरकर नाबालिग घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** डोंगरीपाली राइनो को दिनांक 04.12.2019 के प्रातः 9:57 बजे रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर जीरानाला रवाना किया गया। जहां मोटरसाइकिल चलाते हुए 17 वर्षीय बालक संजय बरिहा पिता कौशिक बरिहा निवासी मराली स्वयं मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गया था जिसे आरक्षक मुरलीधर सिदार द्वारा ईआरव्ही वाहन से सीएचसी बरमकेला ले जाकर भर्ती कराया गया है।

## जिले में 21 वें थाने के रूप में मूर्त रूप लेगा नवीन पुलिस थाना केडार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा जन सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2019 20 के मुख्य बजट में स्वीकृत थाना/चौकी में इस जिले के तहसील सारंगढ़ में नवीन पुलिस थाना केडार के उन्नयन के लिये स्थानीय क्षेत्राधिकार की अधिसूचना जारी किया गया है। इस प्रकार जिले के थाना सारंगढ़/चौकी कनकबीरा क्षेत्रान्तर्गत आने वाले 30 ग्रामों को विभाजित कर नवीन पुलिस थाना केडार में शामिल किया जाना प्रस्तावित है, जिससे पुलिस थाना केडार जिले का 21 वां थाना होगा। पुलिस थाना केडार तहसील सारंगढ़ अंतर्गत इन 30 ग्रामों क्रमशः केडार, डोमाडीह, पिकरी, खजरी, लीमगांव, अमलीपाली-अ, अमलीडीहा, पहंदा, देवगांव, भड़ीसार, भकुर्रा, गंजाईभौना, सुअरगुड़ा, चंदली, टेगाकोट, जामपाली, सहसपानी, तेंदूडार, बासनपाली, सुरली, पुटिया, खोखसीपाली, हलधरपाली, सोढाडीह, तड़ीपार, बरभांठा, टेडीनाला, घानापीपर, सोड़का एवं पठारीपाली ग्राम को थाना शामिल करने का प्रस्ताव है। नये थाना भवन निर्माण हेतु स्थल चयन की प्रक्रिया की जा रही है। नवीन थाना भवन निर्माण के पूर्व उपयुक्त भवन में थाना कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जावेगा।

## जनपद पंचायतों के रिक्त पदों हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**» 13 दिसम्बर तक उक्त सूची के संबंध में कर सकते है दावा-आपत्ति**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तीकरण योजनान्तर्गत जिले के जनपद पंचायतों में संकाय सदस्य वर्ग-5, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं भृत्य के रिक्त पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों की पात्र-अपात्र सूची तैयार कर जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल एवं एनआईसी के वेबसाईट www. raigarh. gov. in पर प्रकाशित कर दी गई है। उक्त सूची के संबंध में आवेदकों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उसके निराकरण हेतु दावा-आपत्ति दिनांक 13 दिसम्बर 2019 तक जिला पंचायत रायगढ़ के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# चोरी की लैपटॉप, मोबाईल के साथ युवक गिरफ्तार

**» छपरीगंज खरसिया में सट्टा लिखने वाले से मोबाईल व सट्टा पट्टा जप्त**




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चौकी जुटमिल अन्तर्गत ग्राम बनसिया में रहने वाले संजू महंत पिता स्व0 पूरन दास महंत उम्र 27 वर्ष अंश होटल के बगल पंडित भवन के किराये मकान में अपने दोस्त के साथ रहकर शुभ मिनरल प्रा0 लि0 में काम करता है। दिनांक 03.12.19 को संजू महंत थाना कोतवाली में इसके किराये रूम से दिनांक 30/11/2019 की रात्रि एक लेपटाप लेनवो एवं एक मोबाईल सेमसंग जे7 प्रो को रूम का कुण्डी खोलकर कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1041/19 धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक दिग्विजय दास महंत द्वारा रिपोर्टकर्ता व उसके दोस्तों से माल मुल्जिम के संबंध में पूछताछ किया गया, जिन्होने ढिमरापुर में रहने वाले सूरज लहरे के ऊपर लैपटॉप एवं मोबाईल चोरी करने की शंका जाहिर किये जिस पर कोतवाली स्टाफ द्वारा सूरज लहरे को तलब कर पूछताछ किया गया जिसने चोरी करना स्वीकार किया है जिससे चोरी की लैपटॉप व मोबाईल कीमती 50,000 रूपये बरामद कर आरोपी सूरज लहरे पिता स्व. पुन्री लहरे उर्फ बाऊ उम्र 20 साल निवासी ढिमरापुर चौक बस्ती को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस चौकी खरसिया स्टाफ द्वारा दिनांक 03.12.19 को जैकी उर्फ अनिल अग्रवाल पिता स्व0 मांगेराम उम्र 36 साल साकिन छपरीगंज खरसिया को सट्टा खेलाते रंगे हाथो पकडे। आरोपी से एक मोबाईल , नगदी रकम 1000/ रू. सट्टा पट्टी अंक लिखा 04 पन्ने , एक पेन जप्त किया गया है, आरोपी के विरूद्ध थाना खरसिया में धारा 4(क) सार्वजनिक धुत अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे युवकों से 13 लाख की लूट

**» 4 अज्ञात नकाबपोशों पर जुर्म दर्ज**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अड़भार थाना खरसिया में रहने वाले अगतराम रात्रे पिता ननकीदाउ उम्र 42 साल द्वारा पुलिस चौकी खरसिया में एस.बी.आई. खरसिया के बाहर इससे 13 लाख रूपये को 2 बाईक में आये चार लोग लूटकर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 03.12.19 को इसे कन्हैया राठौर से चेक प्राप्त हुआ था जिसे आहरण करने खरसिया एसबीआई शाखा अपने भाई कार्तिक राम एवं विकास देवांगन के साथ आया था। इसने 7 लाख तथा विकास ने 6 लाख रूपये निकाले फिर पूरे 13 लाख रूपये को अगतराम रात्रे अपने भाईयों के साथ पैदल लेकर जा रहा था कि दोपहर करीब 12.50 बजे दो मोटर सायकल में दो-दो लोग आये जिसमें आगे वाले मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति बैग को लूटकर भाग गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि चारों युवक मुंह में कपड़ा बांधे थे रफ्तार में भाग गये, ये लोग गाड़ी को ठीक से देख नहीं पाये। घटना की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 517/19 धारा 392 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आदर्श आचार संहिता के पालन, पेड न्यूज और उम्मीदवारों के विज्ञापन पर कड़ी नजर रखेंगे निर्वाचन प्रेक्षक




रायपुर। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों General Observer से आज यहां नवीन विश्राम भवन में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह और आयोग के अधिकारियों ने आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रेक्षकों की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रेक्षकों को नामांकन दाखिले के आखिरी दिन तक संबंधित जिलों में पहुंचकर काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने नाम, मोबाइल नंबर और मिलने के स्थान व समय की जानकारी समाचार पत्रों के जरिए जनसामान्य और उम्मीदवारों को उपलब्ध कराने कहा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षकों की नियुक्ति निर्वाचन नियमों के तहत की गई है। स्वंतत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन की जिम्मेदारी प्रेक्षकों की है।

## माह नवंबर में रायगढ़ डॉयल 112 को मिला 2935 इवेंट



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले में डायल 112 योजना अन्तर्गत चलने वाली विभिन्न राइनो को माह नवम्बर 2019 को 2935 इवेंट प्राप्त हुये जिसमें राइनो स्टाफ पीडित की मदद के लिए पहुंचे। इन इवेंटों में मेडिकल इमरजेंसी के 47 मामलों में लोगों की जान बचाई गई यह मेडिकल इमरजेंसी सर्प/बिच्छू दंश, बीमारी, जहर सेवन, छत से गिरने इत्यादि पर सी 4 रायपुर के जरिए रायगढ़ राइनो को प्राप्त हुआ था।

माह नवंबर में 983 इवेंट पारिवारिक विवाद एवं लड़ाई झगड़े के थे जिसमें ईआरव्ही वाहन के साथ मौके पर पहुंचकर राइनो स्टाफ द्वारा माहौल शांत कराया गया। माह नवंबर दौरान प्राप्त हुए में महत्वपूर्ण इवेंट में कोतवाली (जूटमिल) राइनो-2 को 05.11.2019 को कृष्णा सॉल्वेंट छातामुड़ा हीरो हौंडा शोरूम के सामने लगी आग को राइनो एवं फायर ब्रिगेड स्टाफ के द्वारा आग को बढ़ाने के पूर्व सुझबुझ व कड़ी मेहनत से बुझाने का सराहनीय कार्य किया गया है। वहीं कोतवाली (जूटमिल) राइनो-2 द्वारा दिनांक 16.11.19 को अकेले असहाय गर्भवती महिला को अकेली बस स्टैंड रैन बसेरा के पास देखकर पीड़िता को उचित उपचार के लिए केजीएच पहुंचाये , महिला को उसका मंगेतर अकेली बस में बिठाकर रायगढ़ भेज दिया और स्वयं नहीं आया था।

इसी प्रकार सारंगढ़ राइनो द्वारा दिनांक 30.11.2019 को प्रसव पीड़ा से पीड़ित 29 वर्षीय सुखबाई लक्ष्मे को शीघ्र अस्पताल उपचार वास्ते ले जाकर भर्ती कराया गया था।

## कलेक्टर ने निगम के विभिन्न वार्डों में सफाई कार्यों का किया सघन निरीक्षण





**» माल धक्का और नवापारा जूटमिल इलाकों में कलेक्टर पहुंचे नगर निगम अमले के साथ**

**» नालियों से निकाले कचरे का समय पर उठाव और नियमित फॉगिंग के दिए निर्देश**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज नगर निगम के विभिन्न वार्डों में साफ -सफाई कार्यों का सघन निरीक्षण किया। वे सबसे पहले रामनिवास टाकीज तथा मॉल धक्का क्षेत्र पहुंचे और वहां हो रही नालियों की सफाई का जायजा लिया। उन्होंने निगम आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि नालियों से निकाले कचरे का समय में उठाव होना चाहिए। आसपास के रहवासियों से चर्चा कर डेंगू लार्वा सर्वे एवं टेमीफॉस दवा वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर यशवंत कुमार ने लोगों से कहा कि प्रत्येक रविवार को चलाये जा रहे मोर घर हर इतवार 10 बजे हो ही डेंगू पर वॉर' के तहत सभी लोग अपने घरों में रविवार को प्रातः 10 बजे 10 मिनट के लिए घर के उन सभी स्थानों को जांचे जहां पानी रुका या जमा हो सकता है, उस पानी में टेमीफॉस दवा डालकर 1 घंटे बाद उसे सूखे मिटटी वाली जगह में खाली करें।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताये जा रहे डेंगू रोकथाम व बचाव के तरीकों को अपनाएं। मॉल धक्का रेलवे अंडरब्रिज के आसपास कचरे का उठाव करने और नालियों की सफाई व उसमें जाली लगाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। उसके बाद कलेक्टर अमले के साथ जूट मिल इलाके के नवापारा क्षेत्र में पहुंचे वहां चल रहे नाले के सफाई कार्य का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में आवासीय परिसरों के निस्तारित पानी के निकासी वाली नाली को चौड़ा और गहरा करने के लिए कहा जिससे पानी सड़क में न फैले।

नियमित फॉगिंग करने के लिए भी नगर निगम आयुक्त को कहा। इस दौरान सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, आयुक्त नगर निगम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित वार्ड पार्षद व नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

## लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा द्वारा डेंगु की रोकथाम हेतु दवाई वितरण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बहुत कम समय में ही रायगढ़ में डेंगू का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है रोज दो चार नये मरीज सामने आ रहे हैं। इसलिए लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा द्वारा डेंगू की रोकथाम हेतु टेमीफॉस दवाई का वितरण व साफ सफाई रखने हेतु जागरूकता के साथ ही पम्पलेट वितरण किया गया।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा की टीम द्वारा राजीव गांधी नगर वार्ड नम्बर (37)में डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी अनीता कपूर के मार्गदर्शन में अध्यक्ष मीरा पासवान के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया।

डेंगू महामारी के रोकथाम हेतु 100 बोतल टेमीफॉस का वितरण किया गया। लोगों को अपने घर के आसपास साफ सफाई रखने हेतु सलाह दिया गया। घर के अन्दर पानी का बर्तन ,फ्रिज के पीछे पानी की ट्रे तथा पानी की टंकी का निरिक्षण किया गया इसके साथ ही मोहल्ले में पम्पलेट का वितरण किया गया कार्यक्रम में मितानीन गंगोत्री मानीकपूरी, रमला देवी खटकर का भी विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष मीरा पासवान, व लायनेस उमा तोमर द्वारा सब लोगों को डेंगू से बचाव व दवाई के उपयोग हेतु जानकारी दी गई। लायनेस उमा तोमर का विशेष सहयोग रहा।

## जिले में आज 32 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए, सबसे अधिक 7 नामांकन नगर पालिक निगम के लिए प्राप्त हुए

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु रायगढ़ जिले में आज कुल 32 नामांकन दाखिल किए गए। अब तक कुल 41 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन प्राप्त हुए है। जिसमें नगर पालिक निगम रायगढ़ में वार्ड क्रमांक 6 से अनारिक्षत वर्ग मुक्त के लिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) का 01 नामांकन, वार्ड क्रमांक 8 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए 01 अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी एवं 01 निर्दलीय प्रत्याशी, वार्ड क्रमांक 33 अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए बहुजन समाज पार्टी से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 37 अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 40 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी तथा वार्ड क्रमांक 45 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार रायगढ़ नगर निगम हेतु कुल 7 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक के रायगढ़ नगर निगम के लिए कुल नामांकन की संख्या भी 9 रही।

नगर पालिका परिषद खरसिया वार्ड क्रमांक 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 5 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 6 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 14 महिला वर्ग के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी तथा वार्ड क्रमांक 17 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी का नामांकन प्राप्त हुआ। इस प्रकार नगर पालिका परिषद खरसिया हेतु कुल 5 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक खरसिया में कुल नामांकन की संख्या भी 7 रही।

नगर पंचायत घरघोड़ा वार्ड क्रमांक 4 अनुसूचित जाति वर्ग मुक्त के लिए 01 निर्दलीय अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 10 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 11 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 एवं इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी तथा वार्ड क्रमांक 12 अनुसूचित जनजाति के लिए निर्दलीय से 01 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार नगर पंचायत घरघोड़ा हेतु कुल 5 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक घरघोड़ा में कुल नामांकन की संख्या भी 8 रही।

नगर पंचायत बरमकेला वार्ड क्रमांक 6 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 7 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 एवं निर्दलीय से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 9 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 10 महिला वर्ग के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 11 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार नगर पंचायत बरमकेला में आज कुल 6 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक बरमकेला में कुल नामांकन की संख्या भी 6 रही।

नगर पंचायत लैलूंगा वार्ड क्रमांक 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए निर्दलीय अभ्यर्थी 01 एवं वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए निर्दलीय अभ्यर्थी 01 द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार नगर पंचायत लैलूंगा में आज कुल 2 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक लैलूंगा में कुल नामांकन की संख्या भी 2 रही।

नगर पंचायत सरिया वार्ड क्रमांक 6 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 8 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 9 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए निर्दलीय से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 11 महिला वर्ग के लिए निर्दलीय अभ्यर्थी 01 द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार नगर पंचायत सरिया में आज कुल 4 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक सरिया में कुल नामांकन की संख्या भी 6 रही। नगर पंचायत धरमजयगढ़ वार्ड क्रमांक 5 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए इण्डियन नेशनल कांग्रेस से 01 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 11 अनारक्षित वर्ग मुक्त के लिए भारतीय जनता पार्टी से 01 एवं निर्दलीय 01 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन भरा गया। इस प्रकार नगर पंचायत धरमजयगढ़ में आज कुल 3 नामांकन प्राप्त हुए। अब तक धरमजयगढ़ में कुल नामांकन की संख्या भी 3 रही। शेष नगर पंचायतों किरोड़ीमल नगर, पुसौर में नामांकन की संख्या निरंक रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480